दिन– मंगलवार दिनांक– 24 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन आज पटना में आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया।

03. सासाराम स्थित शेरशाह सूरी का मकबरा और पटना का अगमकुआं देश के अठहत्तर जल विरासत स्थलों की सूची में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

——————————————————————

पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन आज पटना में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय समन्वय के माध्यम से भविष्य की रणनीति तय करना है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में होने वाले इस सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान–निकोबार के ऊर्जा मंत्री शामिल होंगे। सम्मेलन में वर्ष दो हजार तीस तक बिजली की उपलब्धता, खपत, संचरण क्षमता और साईबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके अलावा बिजली संचरण व्यवस्था की आपातकालीन बहाली और वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिति पर भी विचार–विमर्श किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

——————————————————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज मुजफ्फरपुर के ललित नारायण मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश चन्द्र राय ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के उद्योग मंत्री नीतिश मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

——————————————————————

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिन पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को भारत के संविधान को कुचलने की घटनाओं की याद दिलाता है। इस दिवस पर उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल की

ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले। यह भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था। शिक्षाविद् खुशबू प्रसाद ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में आपातकाल के प्रावधानों का दुरूपयोग किया गया था।

---बाईट---

————————————————————————————

आपातकाल की पूर्व संध्या पर आज पटना में आपातकाल — लोकतंत्र का काला अध्याय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। बिहार विधानसभा के सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप कुमार जायसवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव समेत कई गणमान्य लोग संगोष्ठी में अपने विचार साझा करेंगे।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया है। यह अंतिम तिथि पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी पर लागू होगी।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार नागरिक परिषद का पुनर्गठन किया है। पूर्व विधायक और जदयू के वरिष्ठ नेता मंजीत कुमार सिंह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद को परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यपाल नागरिक परिषद के संरक्षक होते हैं, जबकि मुख्यमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश रूंगटा को बिहार राज्य उद्यमी और व्यवसायी आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा भाजपा नेता रूप नारायण मेहता राज्य किसान आयोग के नये अध्यक्ष बनाये गये हैं।

————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर—सकरी नई सड़क के निर्माण के लिए सोलह करोड़ चालीस लाख रूपये की राशि मंजूर की गयी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। इधर, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि राजधानी पटना समेत राज्य के छह जिलों में

सत्तर करोड़ रूपये की लागत से ग्यारह सड़कों का निर्माण और मरम्मत का काम करवाया जायेगा।

—————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को पचास प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत मधुमक्खी पालन और मधु उत्पादन योजना के लिए दस करोड़ तीस लाख रूपये की राशि जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू होगी।

—————————————————————————

जीविका समूहों द्वारा उत्पादित शहद का विदेशों के साथ—साथ देश के अलग—अलग राज्यों में निर्यात किया जायेगा। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि अमरिका, कनाडा, जापान और जर्मनी जैसे देशों के साथ—साथ देश के बीस राज्यों में शहद का निर्यात किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जीविका समूहों के द्वारा छह महीने में एक हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन किया जाता है।

—————————————————————————

नेशनल वाटर मिशन ने बिहार के दो पर्यटन स्थलों को जल विरासत की सूची में शामिल किया है। इनमें सासाराम स्थित शेरशाह सूरी का मकबरा और पटना का अगमकुआं शामिल है। नेशनल वाटर मिशन और इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज की ओर से जारी इस सूची में देशभर के अठहत्तर स्थलों का चयन किया गया है।

—————————————————————————

केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तत्वावधान में पटना में घरेलू पर्यटन व्यय और राष्ट्रीय घरेलू यात्रा सर्वेक्षण के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त आंकड़े पर्यटन के विकास के लिए नीति निर्माण में सहायक होंगे।

———बाइट———

—————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, शिवहर, दरभंगा, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश की

सम्भावना है। राज्य के शेष हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया गया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया के फारबिसगंज में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

———————————————————————————

प्रदेश में होने वाले नगर पालिका चुनाव में नौ उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुये हैं। इनमें बेगूसराय, मोतिहारी, समस्तीपुर, हाजीपुर, टिकारी, कुर्था, मखदुमपुर, जानकी नगर और महेषी नगर निकाय शामिल हैं। अट्ठाईस जून को होने वाले चुनाव के लिए अब नौ उप मुख्य पार्षद, एक सौ इक्कीस वार्ड पार्षद के लिए मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नगर निकाय चुनाव के लिए तैंतीस हजार उनासी मतदाताओं ने ई–वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं, तीन जिलों पटना, रोहतास और पूर्वी चम्पारण के छह नगर पंचायतों मे होने वाले आम चुनाव में ई–वोटिंग के लिए सत्रह हजार चार सौ छप्पन मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है।

———————————————————————————

अब खबरे खेल जगत से......

पटना में आयोजित फर्स्ट बिहार स्टेट रैकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पटना की अनन्या कुमारी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया।

बरौनी में खेले जा रहे बहत्तरवीं बिहार राज्य फुटबॉल प्रतियोगिता के एक मैच में पूर्वी चम्पारण ने समस्तीपुर को पांच–शून्य से पराजित किया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक ने कल राजगीर खेल परिसर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रिकेट पिच, आउट फील्ड, पवेलियन और स्टेडियम में विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

———————————————————————————

और, अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

एसटीएफ की टीम ने कैमूर और नालंदा जिले में छापेमारी कर चार हजार पांच सौ छत्तीस कारतूस के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत महद्दीपुर पंचायत में अपराधियों ने भूमि विवाद में माँ–बेटे की हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

समस्तीपुर में पिछले दिनों बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई लूट के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर दो आईईडी बम बरामद किये हैं। बम निरोधक दस्ते की मदद से दोनों आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया है।

——————————————————————————

भागलपुर जिले के डीहपुर के गुआरीडीह में कोसी नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, जिले के मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के किशनपुर बाईपास के पास नदी में डूबने से दो बहनों की मौत हो गयी।

——————————————————————————

वैशाली जिले के तिसिऔता थाना क्षेत्र के डभैच मुसहरी टोला में मार–पीट की सूचना पर पहुंची डायल एक सौ बारह की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। पुलिस ने इस मामले में पन्द्रह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

——————————————————————————

पटना की एनडीपीएस अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में तीन दोषियों को अठारह–अठारह वर्ष कैद की सजा सुनाई है।

——————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ईरान–इजराईल युद्ध की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अमेरिकी अड्डों पर ईरान का हमला, इराक और कतर में बनाया निशाना।

प्रभात खबर ने इसी खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुये लिखा है– ईरान का अमेरिकी एयरबेस पर हमला, कहा बदला पूरा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– सिंगल मदर के बच्चों को ओबीसी प्रमाण पत्र पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट।

दैनिक भास्कर लिखता है– तेज प्रताप ने बिहार सरकार से सुरक्षा मांगी, बोले मुझे जान का खतरा। राष्ट्रीय सहारा की प्रमुख खबर है– अब पांच मिनट में राजधानी पटना से राघोपुर, मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह–बिदुपुर सिक्स लेन पुल के पटना–राघोपुर भाग का किया लोकार्पण। आज अखबार लिखता है– बीपीएससी पेपर लीक कांड में डीएसपी दोबारा निलंबित।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूर्वी प्रक्षेत्र के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों का सम्मेलन आज पटना में आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

02. केन्द्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष तीस सितंबर तक करने का निर्णय लिया।

03. सासाराम स्थित शेरशाह सूरी का मकबरा और पटना का अगमकुआं देश के अठहत्तर जल विरासत स्थलों की सूची में शामिल।

04. और, मौसम विभाग ने आज मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चंपारण जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।